राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(ए–233)/अलेसे–I/969 दिनांकः– 23/08/2022

आदेश संख्याः 61 /2022–23

कोषाधिकारी (पेंशन) जयपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक कोष/पेंशन/2018–19/18662 दिनांक 27.3.2019 के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एस.यू.प्रथम जयपुर का पत्र क्रमाक भ्रनिब्यूरो/एसयू–1/2019/स्पेशल नं.01 दिनांक 27.03.2019 संलग्न करते हुये श्री अमित कुमार पारीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I (लिंक नं. 4636) कार्यालय कोषाधिकारी (पेंशन) जयपुर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर द्वारा दिनांक 27.03.2019 को ट्रेप की कार्यवाही कर गिरफ्तार करने के सम्बन्ध में अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। फलस्वरूप राजस्थान सिविल सेवा (सी.सी.ए.) नियमों के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में निदेशालय के आदेश क्रमांक 1147 दिनांक 29.03.2019 के द्वारा श्री अमित कुमार पारीक, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I को गिरफ्तारी दिनांक 27.03.2019 से निलम्बित किया गया था।

श्री अमित कुमार पारीक, निलम्बित सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के संबंध मे कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2(157)कार्मिक/क–3/97 दिनांक 07.07.2010 एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (अनु.3) की आज्ञा क्रमांक प.6(23)प्र.सुं./अनु.3/99 दिनांक 12.01.2011, 30.06.2020 के क्रम में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/पुलिस द्वारा पंजीबद्ध अपराधिक प्रकरणों में निलम्बित किए गए राजरथान अधीनस्थ लेखा सेवा के अधिकारी/कर्मचारी की निलम्बन से बहाली हेतु समीक्षा बैठक दिनांक 08.07.2022 को अपरान्ह 04.00 बजे शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3)वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनांक 19.07.2022 के द्वारा निलम्बन से बहाली का निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप श्री अमित कुमार पारीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को निलम्बन से बहाल किया जाकर इनका पदस्थापन कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर में किया जाता है।

निलम्बन अवधि का निर्णय न्यायालय निर्णय के अध्यधीन किया जावेगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः–एफ.2 (क) (1)/(ए–233)/अलेसे–I/969 दिनांकः– 23/08/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज. जयपुर को कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3) वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनांक 19.07.2022 के संदर्भ में।
2. महानिरीक्षक पुलिस प्रथम, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।
3. कोषाधिकारी, जयपुर (शहर)/जयपुर (पेंशन)।
4. संयुक्त निदेशक (प्रशासन), कार्यालय हाजा।
5. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
6. उप निदेशक (जांच), कार्यालय हाजा को उनके यू.ओ.नोट क्रमांक 285 दिनांक 20.07.2022 के क्रम में।
7. श्री अमित कुमार पारीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, मुख्यालय निदेशक, कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर।
8. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
9. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in. E-Mail Id – [illegible] Fax-2740735. Tel.- 2744134